पंजाब केसरी 13/09/2024

# जी.एम.एन. कालेज के विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में नूतन कीर्तिमान किए स्थापित

अम्बाला, 12 सितम्बर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज के राजनीतिक विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में पहले स्थान पर आकर, कालेज और शहर के लिए स्वर्णिम इतिहास रचा है। विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान पर शिवांगी, तृतीय स्थान पर धर्मेंद्र कुमार और चतुर्थ स्थान पर अंकुर भसीन ने अद्भुत कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इसके अलावा जी.एम.एन. कालेज के सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं और 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कालेज का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित करने वाले इन विद्यार्थियों का महाविद्यालय में अभिनंदन करते हुए कहा कि आप जैसे विद्यार्थी हमारा स्वाभिमान है, जिनके कौशल के आधार पर



*कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज के राजनीतिक विज्ञान विभाग के विद्यार्थी।* (देवदत्त)

महाविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में अनूठे कीर्तिमान स्थापित कर रहा है और समाज के लिए एक प्रेरणा एवं आदर्श का रूप बन रहा है।

जी.एम.एन. कालेज अपने विद्यार्थियों के लिए रोजगारपरक विषयों को कालेज प्रांगण में संचारित कर रहा है। इससे विद्यार्थी उच्च स्तर पर रोजगार प्राप्त करके अपने जीवन के वास्तविक लक्ष्यों और उद्देश्यों की पूर्ति करते हुए एक आदर्श समाज के निर्माण और राष्ट्रीय उन्नति में अपनी सहभागिता स्थापित कर सके।

डा. दत्त ने कहा कि जी.एम.एन. कालेज अपने विद्यार्थियों के चौमुखी विकास के लिए वचनबद्ध है। इस अनूठी उपलब्धि के लिए प्राचार्य ने विभागाध्यक्ष डा. एस.एस. नैन, डा. राकेश कुमार, डा. कृष्ण पूनिया, डा. सरोज बाला, डा. तृप्ति शर्मा और लवप्रीत सिंह को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह आप सभी के प्रयासों और प्रगाढ़ लग्न का परिणाम है।

इसी शृंखला में जी.एम.एन. कालेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डा. गुरदेव सिंह, महासचिव अजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आलोक गुप्ता और ट्रस्ट के अध्यक्ष जसवंत राय जैन ने इन सभी मेधावी विद्यार्थियों को शुभाशीष प्रेषित करते हुए कहा कि जी.एम.एन. कालेज विद्यार्थियों में बुद्धि कौशल और नेतृत्व प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

भविष्य में ऐसे कीर्तिमान स्थापित करने के लिए अनेक प्रेरणादायक और रोजगार परक पाठ्यक्रम संचालित कर रहा है, जिससे विद्यार्थी और नूतन कीर्तिमान स्थापित करेंगे। अंत में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने राजनीतिक विज्ञान विभाग के सदस्यों और विद्यार्थियों को सम्मानित किया।